CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 41 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, रविवार, 18 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

### गहलोत ने राहुल के लिए हाथ खड़े करवाए

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का रखा प्रस्ताव, सभी पदों पर फैसले का अधिकार हाईकमान पर छोड़ा

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में वोटिंग के लिए चुने गए डेलिगेट्स की पहली बैठक में राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग प्रमुखता से उठी। कांग्रेस डेलिगेट्स की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखते हुए वहां मौजूद नेताओं से हाथ खड़े करवाए। सभी नेताओं ने गहलोत के प्रस्ताव का समर्थन किया। गहलोत ने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर के बैठक से जाने के बाद रखा। नए बनाए गए पीसीसी मेंबर्स की शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में सबसे पहले प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर की मौजूदगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष और दूसरे पदों पर फैसले का अधिकार हाईकमान पर छोड़ने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव के बाद प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर-पीआरओ- बैठक से चले गए। आधिकारिक प्रस्ताव यही है जो दिल्ली भेजा जाएगा। पीआरओ के जाने के बाद गहलोत ने बैठक में कहा कि




राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, इस पर सभी अपनी राय रखें। गहलोत ने बैठक में मौजूद लोगों से राहुल को अध्यक्ष बनाए जाने पर राय जानी तो सबने हाथ खड़े करके समर्थन किया।

### राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव केवल मैसेज के लिए

राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर के जाने के बाद रखा गया। ऐसे में यह प्रस्ताव दिल्ली नहीं भेजा जाएगा, लेकिन सभी नेताओं ने हाथ खड़े करके राहुल गांधी के प्रति समर्थन जताकर सियासी तौर पर मैसेज देने का प्रयास किया है। गहलोत ने खुद प्रस्ताव रखा इसलिए सियासी तौर पर इसका महत्व है। गहलोत ने एक बार फिर राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए हाथ खड़े करवाकर मुद्दे को हवा दे दी है। गहलोत के बाद सभी मंत्री और नेता भी एक सुर में बोलते दिख रहे हैं।

### माकन बोले- हाईकमान पर फैसला छोड़ने का प्रस्ताव आधिकारिक

बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने कहा कि पीसीसी डेलिगेट्स की पहली बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है। सभी पदों पर फैसले का अधिकार हाईकमान पर छोड़ा गया है, यही आधिकारिक प्रस्ताव है। माकन के बोलते ही प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि हम सबकी भावना है कि राहुल गांधी अध्यक्ष बनें।

### देश की सरजमीं पर 8 चीते, पीएम ने छोड़े

## पीएम ने कूनो में चीते छोड़े, बोले-ये हमारे मेहमान, कूनो को अपना घर बनाने में इनका सहयोग करें

**नई दिल्ली। ग्वालियर।** भारत का 70 साल का इंतजार शनिवार को खत्म हो गया। नामीबिया से आए 8 चीतों ने देश की सरजमीं पर पहला कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूनो नेशनल पार्क में बॉक्स खोलकर 2 चीतों को क्वारंटीन बाड़े में छोड़ा। रिकॉर्डेड भाषण में पीएम मोदी ने चीते भेजने के लिए नामीबिया का आभार माना। पीएम मोदी ने चीता मित्रों से कहा- कूनो में चीता फिर से दौड़ेगा तो यहां बायोडायवर्सिटी बढ़ेगी। यहां विकास की संभावनाएं जन्म लेंगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पीएम ने लोगों से अपील की कि अभी धैर्य रखें, चीतों को देखने नहीं आएं। ये चीते मेहमान बनकर आए हैं। इस क्षेत्र से अनजान हैं। कूनो को ये अपना घर बना पाएं, इसके लिए इनको सहयोग देना है। कूनो में प्रधानमंत्री के लिए 10 फीट ऊंचा प्लेटफॉर्मनुमा मंच बनाया गया था। इसी मंच के नीचे पिंजरे में चीते थे। पीएम ने लीवर के जरिए बॉक्स को खोला। चीते बाहर आते ही अनजान जगह में सहमे हुए दिखे। सहमते कदमों के साथ इधर-



उधर नजरें घुमाई और चहलकदमी करने लगे। लंबे सफर की थकान चीतों पर साफ दिख रही थी। चीतों के बाहर आते ही पीएम मोदी ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया। मोदी ने कुछ फोटो भी क्लिक किए। 500 मीटर चलकर मोदी मंच पर पहुंचे थे। उनके साथ राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है।

### 8 चीतों में 2 सगे भाई भी

दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया विश्वविद्यालय में प्रो. एड्रियन ट्रोडिफ ने बताया कि भारत आए 8 चीतों में दो सगे भाई हैं। इनकी उम्र ढाई से साढ़े पांच साल के बीच है। चीते की औसत उम्र 12 साल होती है।

### बड़े मांसाहारी वन्यप्राणी की दुनिया में पहली शिफ्टिंग

बड़े मांसाहारी वन्यप्राणी की शिफ्टिंग की यह दुनिया की पहली परियोजना है। जिन चीतों को पार्क के क्वारंटीन बाड़े में छोड़ा जाएगा, उन्हें लाने के लिए भारत और नामीबिया सरकार के बीच 20 जुलाई 2022 को एग्रीमेंट हुआ था। एक्सपर्ट्स के अनुसार, भारत में चीतों का पुनर्व्यवस्थापन (री-अरेंजमेंट) तब माना जाएगा, जब यहां चीतों की संख्या 500 हो जाएगी।

### 72 साल के हुए पीएम नरेंद्र मोदी

#### 3036 दिन प्रधानमंत्री रहने वाले पहले गैर-कांग्रेसी; प्रधानमंत्री अब तक 103 करोड़ रुपये कर चुके हैं दान

**नई दिल्ली।** 72 साल पहले आज ही के दिन, यानी 17 सितंबर 1950 को नरेंद्र मोदी का जन्म हुआ। गांधीनगर से 73 किलोमीटर दूर वडनगर में वो पैदा हुए थे। 7 अक्टूबर 2001 को 51 साल की उम्र में बिना विधायक बने ही मोदी गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री बने। 4 महीने बाद फरवरी 2002 में राजकोट-2 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पहली बार विधायक चुने गए। 22 सालों में 14 साल वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और अब 8 साल से प्रधानमंत्री हैं।



### पूर्वी लद्दाख में 3 किमी.पीछे हटी चीनी सेना

## नई सैटेलाइट इमेज से खुलासा, गोगरा-हॉटस्प्रिंग इलाके में बहुत बड़ी पोस्ट बनाई थी

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पार अपने कब्जे वाली जगह से 3 किलोमीटर पीछे हट गई है। यह खुलासा मैक्सार टेक्नोलॉजीज की सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ है। मई 2020 में जब दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव बढ़ा था, तब से भारत-चीन ने अपने-अपने सैनिकों को पैट्रोलिंग पॉइंट-15 के पास तैनात किया था। यहां उसने बहुत बड़ी पोस्ट बनाई थी। इस साल 17 जुलाई को भारत और चीन के बीच कोर कमांडर लेवल की 16वें दौर की बातचीत हुई। इसमें 8 सितंबर 2022 से सेनाओं के पीछे हटने की प्रोसेस शुरू हुई थी और यह पूरी तरह 13 सितंबर को खत्म हुई। सैटेलाइट तस्वीरों में देखा जा सकता है कि डिसइंगेजमेंट से पहले गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स इलाके में एक चीनी पोस्ट दिख रही है, जबकि हालिया सैटेलाइट तस्वीर में यह पोस्ट पूरी तरह से हट चुकी है। सहमति के तहत इस इलाके में दोनों सेनाएं पेट्रोलिंग नहीं कर सकतीं। चीनी सेना ने यहां एक बहुत बड़े एस्टेब्लिशमेंट का निर्माण किया था। पहले इस इलाके में भारतीय सेना गश्त करती थी। लेकिन 2020 में चीनी घुसपैठ के बाद यहां तनाव की स्थिति बन गई। अप्रैल-मई 2020 में चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को तैनात कर दिया था। इसके बाद इस इलाके में कई जगहों पर चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की।




### इंडियन आर्मी ने भी अपनी पोस्ट हटाई

लद्दाख में स्थानीय पार्षदों का कहना है कि समझौते के तहत इंडियन आर्मी ने भारतीय क्षेत्र के भीतर भी अपने दो पोस्ट हटा दिए हैं। हालांकि भारतीय सेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लद्दाख के चुशुल क्षेत्र के पार्षद कोंचोक स्टेनजिन ने एनडीटीवी को बताया कि हमारे सैनिक न केवल पेट्रोल पॉइंट 15 (PP-15) बल्कि पेट्रोल पॉइंट 16 (पीपी-16) से भी पीछे हट गए हैं। यहां हमारे सैनिक पिछले 50 साल से पेट्रोलिंग करते थे। उधर, डेमचोक और देपसांग इलाके में गतिरोध को हल करने की कोशिश जारी है।

### केरल में देश का पहला फुल आर्म ट्रांसप्लांट

## इलेक्ट्रिक शॉक की वजह से गंवाए थे हाथ, ब्रेन डेड डोनर ने दी नई जिंदगी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में एक प्राइवेट हॉस्पिटल ने देश में पहली बार एक पेशेंट का फुल आर्म ट्रांसप्लांट करने में सफलता हासिल की है। जिस पेशेंट्स का आर्म ट्रांसप्लांट किया गया, वह इराकी नागरिक यूसुफ हसन सईद अल जुवैनी है। उन्होंने बिजली का झटका लगने की वजह से अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे। 29 साल के यूसुफ हसन को रोड एक्सीडेंट का शिकार हुई महिला डोनर के हाथ लगाए गए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी रिकवरी रेट अच्छी है। यूसुफ हसन 2019 में एक दीवार को ड्रिल कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक केबल से बिजली का झटका लगा। डॉक्टरों को उनकी जान बचाने के लिए दोनों हाथों को कोहनी से काटना पड़ा। हादसे के छह महीने बाद यूसुफ हैंड ट्रांसप्लांटेशन के बारे में जानने के लिए कोच्चि के अमृता अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जुलाई 2021 में केरल ऑर्गन शेयरिंग में ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इधर, केरल के अलाप्पुझा की रहने वाली 39 साल की एक महिला अंबिली के एक्सीडेंट हो गया था। अंबिली को अमृता अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। बाद में अंबिली का परिवार उनके अंगों को दान करने के लिए तैयार हो गया। 2 फरवरी, 2022 को डॉ. अय्यर और डॉ. शर्मा के नेतृत्व में 16 घंटे की सर्जरी में अंबिली के हाथों को यूसुफ से जोड़ा गया। डॉ अय्यर ने बताया कि दोनों हाथों को कंधे के लेवल पर जोड़ा जाना था।




### हैदराबाद में अमित शाह की सुरक्षा में चूक

## गृह मंत्री के काफिले के आगे टीआरएस नेता ने लगाई कार, फिर कहा- गलती से रुकी थी

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक हुई है। शनिवार को हैदराबाद में उनके काफिले के आगे टीआरएस नेता ने अपनी कार लगा दी। हालांकि, गृह मंत्री के सुरक्षाकर्मियों ने इसे तुरंत हटवा दिया। टीआरएस नेता की पहचान गोसुला श्रीनिवास के रूप में हुई है। घटना के बाद श्रीनिवास ने कहा कि कार काफिले के आगे अचानक रुक गई थी। जब तक मैं कुछ समझ पाता, तब तक गृह मंत्री के सुरक्षाकर्मियों ने उसमें तोड़फोड़ की। मैं पुलिस अधिकारी से मिलूंगा और कार्रवाई करने के लिए कहूंगा। श्रीनिवास ने कहा कि कार रुकने के बाद मैं खुद टेंशन में था, लेकिन अधिकारियों ने पीछे का कांच तोड़ दिया।

## हजारीबाग में 30 फीट गहरी नदी में गिरी बसः7 सिख श्रद्धालुओं की मौत, 22 से अधिक घायल; गैस कटर से काटकर निकाले शव



**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में एक बस अनियंत्रित होकर पुल से 30 फीट नीचे नदी में गिर गई। 7 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 22 से अधिक लोग घायल हैं। बस में 52 लोग सवार थे। गंभीर रूप से घायलों को हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतक और घायल गिरिडीह के बताए जा रहे हैं। बस में सभी सिख समुदाय के लोग थे। बस से गिरिडीह से रांची के रातू रोड स्थिति गुरुद्वारा में आयोजित धार्मिक कीर्तन में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान हजारीबाग में सिवाने नदी पर हादसा हो गया। नदी में पानी कम था। शव बस में फंस गए थे। काफी मशक्कत के बाद गैस कटर से बस की बॉडी काटकर शवों को निकाला गया। चालक और एक बच्चे की स्थिति गंभीर है। दोनों को रिम्स रेफर किया गया है। घायलों को जब हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लाया गया तब यहां प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। न ही सुपरिटेंडेंट और न ही डिप्टी सुपरिटेंडेंट अस्पताल पहुंचे। आनन-फानन में प्रशासन को गंभीर रूप से घायलों को निजी अस्पताल में एडमिट कराना पड़ा।

### लगातार छठे सप्ताह घटा फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व

## 17 हजार करोड़ घटकर 43 लाख करोड़ रु.हुआ, इस साल अब तक 80 अरब डॉलर गिरा फॉरेन

**नई दिल्ली।** देश के फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में फिर गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 9 सितंबर को समाप्त सप्ताह के लिए भारत का फॉरेन एक्सचेंज (forex) रिजर्व 17.79 हजार करोड़ (2.234 अरब डॉलर) घटकर 43.87 लाख करोड़ रुपए (550.87 अरब डॉलर) हो गया है। यह 2 साल में सबसे निचला स्तर है। देश के फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में यह लगातार छठी साप्ताहिक गिरावट है। 2 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में 7.941 अरब डॉलर (63.25 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आई थी। इस साल की शुरुआत में रूस-यूक्रेन तनाव के युद्ध में बदल जाने के बाद से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 80 अरब डॉलर (6.37 लाख करोड़ रुपए) की गिरावट आई है।



### फॉरेन करेंसी एसेट्स में 2.51 अरब डॉलर की गिरावट

भारतीय रिजर्व बैंक के वीकली स्टेटिस्टिकल्स सप्लीमेंट के अनुसार, फॉरेन करेंसी एसेट्स, जो फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का सबसे बड़ा कंपोनेंट है। यह 9 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.51 अरब डॉलर (19.99 हजार करोड़) गिरकर 489.59 अरब डॉलर (38.99 लाख करोड़ रुपए) रह गया है। वहीं पिछले सप्ताह फॉरेन करेंसी एसेट्स में 6.52 अरब डॉलर (51.98 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आई थी। किसी भी देश के पास मौजूद विदेशी मुद्रा की कीमत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कम या ज्यादा होती रहती है। इसी के मुताबिक किसी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी या कमी आंकी जाती है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी देश के पास यूरो, पाउंड या येन करंसी मौजूद है, तो डॉलर के मुकाबले इनकी कीमत बढ़ने पर विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ जाएगा। इसी तरह डॉलर के मुकाबले इन मुद्राओं के कमजोर होने पर विदेशी मुद्रा भंडार भी घट जाएगा। 9 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 340 मिलियन डॉलर (2.70 हजार करोड़ रुपए) बढ़कर 38.64 अरब डॉलर (3.07 लाख करोड़ रुपए) हो गई है।

### रिश्तेदार के यहां शोक जताने उदयपुर गए थे, लौटते समय बड़ा हादसा

## ओवरटेक करते ट्रक से टकराई क्रुजर, 4 की मौत

**चित्तौड़गढ़।** निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ स्टेट हाइवे पर ट्रेलर को ओवरटेक करने के चक्कर में क्रुजर सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। इस भीषण चक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 7 घायल हो गए। सभी एमपी के रहने वाले थे। उदयपुर में अपने रिश्तेदार से यहां इंतकाल में दुख जताने गए थे। हादसा चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़ थाना क्षेत्र के मोरवन गांव के पास शुक्रवार देर रात का है। मंगलवाड़ थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ स्टेट हाइवे पर एमपी की क्रूजर गाड़ी एक ट्रेलर को ओवरटेक कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक ट्रक निम्बाहेड़ा से मंगलवाड़ की ओर जा रही थी। हाइवे



रोड़ पर कोई डिवाइडर नहीं होने के कारण क्रुजर गाड़ी सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। दोनों ही वाहन टकराने के बाद पलट गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ही गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। क्रुजर में सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी ट्रक ड्राइवर सहित 10 लोग गंभीर घायल हुए। उन्हें उदयपुर



के महाराणा भोपाल राजकीय हॉस्पिटल ले जाया गया। इस बीच दो लोगों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद इलाज के दौरान एक और की मौत हो गई। क्रुजर गाड़ी में सवार सभी लोग एक ही परिवार के हैं। सभी मध्यप्रदेश के इंदौर में रहते हैं और उदयपुर अपने रिश्तेदार के घर मिलने गए थे। उनके रिश्तेदार में किसी की मौत हो जाने के कारण उनके वहां बैठने गए थे। वापस उदयपुर से इंदौर लौटते समय यह हादसा हो गया।

### ड्राइवर अपने आपको बताता रहा खलासी

ट्रक ड्राइवर उदयपुर निवासी ललित सिंह पुत्र शंकर सिंह राजपूत भी घायल हो गया। उसे उदयपुर में एडमिट कराया गया। पुलिस के डर से ललित सिंह अपने आप को खलासी बताता रहा, लेकिन जब पुलिस ने ट्रक के मालिक को फोन किया तो पता चला कि वह ही ड्राइवर है।

## लोन रिकवरी एजेंट ने गर्भवती को ट्रैक्टर से कुचला

#### 4 दिन पहले मायके आई थी, ट्रैक्टर ले जाने से रोक रही थी; 1.20 लाख रु. बकाया थे

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिला मुख्यालय से करीब 100 किमी दूर सिजुआ गांव में लोन वसूली करने गए एजेंटों ने किसान की गर्भवती बेटी को ट्रैक्टर से ही कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवती चार दिन पहले ही अपने मायके आई थी। पुलिस ने महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के 4 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। यह घटना गुरुवार की है। लोगों ने फाइनेंस कंपनी के दफ्तर को घेर लिया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। चारों आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। हजारीबाग के सिजुआ गांव निवासी दिव्यांग किसान मिथिलेश प्रसाद मेहता ने महिंद्रा फाइनेंस से 2018 में ट्रैक्टर फाइनेंस कराया था। करीब साढ़े पांच लाख के ट्रैक्टर की किश्तें वे लगातार चुका रहे थे।

दखल

# भारतीय मत्स्यपालनः समृद्धि की ओर अग्रसर



मोदी सरकार 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के आदर्श वाक्य के साथ मछुआरों व महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। आज, जब हम पीएमएमएसवाई की दूसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र ने भविष्य के सुनहरे दिनों की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। यहां से, इस क्षेत्र को हमारे मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए अधिक आय और खुशी पैदा करते हुए बस आगे ही बढ़ते जाना है।

न सिर्फ सभ्यता के विकास के चक्र में, बल्कि सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताओं की कहानियों में भी 'मछली' का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे पुराणों में भगवान विष्णु के पहले अवतार 'मत्स्यावतार' का उल्लेख है। प्राचीन तमिलनाडु के खूबसूरत संगम साहित्य में मछुआरों के जीवन और घुमावदार नावों का विशद वर्णन है। सिंधु घाटी की खुदाई में मिले प्रमाण हमें प्राचीन भारत में व्यापक स्तर पर मत्स्यपालन के प्रसार की सराहना करने के लिए प्रेरित करते हैं। विस्तृत तटीयरेखाओं और विशाल नदियों वाला भारत मत्स्य संसाधनों के मामले में बेहद समृद्ध है। हमारी संस्कृति में शुरू से ही मछली और मछुआरों का एक केंद्रीय स्थान रहा है। आजादी के बाद मत्स्यपालन क्षेत्र का विकास विभिन्न राज्यों की पहल, प्राथमिकताओं और संसाधनों के अनुरूप अलग-अलग गति व दिशाओं में हुआ।

केंद्र सरकार की कम भागीदारी या उसके द्वारा अपर्याप्त निवेश (विभिन्न रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक केंद्र सरकार की ओर से मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए महज 3682 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी) के कारण भारतीय मत्स्यपालन बेहद उपेक्षित रहा। बीमा, सुरक्षा किट, ऋण सुविधा, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया और विपणन के मामले में बेहद कम सहायता उपलब्ध होने के बावजूद, भारत के साहसी मछुआरे जर्जर नौकाओं पर सवार होकर समुद्र में अपना उद्यम जारी रखते रहे। आजादी के 67 साल बाद भी करोड़ों भारतीयों के भोजन, पोषण और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाने वाला यह क्षेत्र खुले समुद्र में बिना पतवार वाली एक नाव की तरह हो गया।

यह क्षेत्र अनगिनत समस्याओं और अनंत बाधाओं से जूझ रहा था। 2014 में, भारत की जनता ने तत्कालीन सरकार के भ्रष्टाचार, नीतिगत निष्क्रियताओं से तंग आकर निर्णय लिया और मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के दर्द एवं राष्ट्र की नब्ज को समझ सकने वाले नेता नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्र में एक निर्णायक सरकार चुनी। मोदीजी ने जो सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम किया, वह यह था कि उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान फिर से मत्स्यपालन क्षेत्र पर केन्द्रित किया। पिछले आठ वर्षों के दौरान कई अन्य पहलों के अलावा, नीली क्रांति योजना, मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के रूप में मत्स्यपालन के क्षेत्र में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इन कदमों ने 'सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव' के मंत्र का पालन करते हुए बाधाओं को दूर किया और मत्स्यपालन के क्षेत्र की बेड़ियों को खोल दिया। इससे भारत के मछली उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि सुनिचित हुई। मछली का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 102 लाख टन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 161 लाख टन हो गया। मोदी सरकार के पहले पांच वर्षों में मत्स्यपालन क्षेत्र औसतन 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जबकि यह वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2009-10 से लेकर 2013-14 तक 5.27 प्रतिशत थी।

चुनावी वादे को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मत्स्यपालन क्षेत्र के अधिक केंद्रित और समग्र विकास के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। वर्ष 2020 में, प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के माध्यम से भारतीय मत्स्यपालन के लिए अब तक के सबसे अधिक 20050 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। पीएमएमएसवाई भारतीय मत्स्यपालन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली मुख्य प्रेरक शक्ति साबित हो रही है। वर्ष 2024-25 तक इस योजना में मत्स्य उत्पादों के उत्पादन, उत्पादकता और निर्यात में तेजी से वृद्धि करने की परिकल्पना की गई है। इसमें मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया में होने वाले नुकसान को काफी कम करने और मछली की खपत बढ़ाने की भी परिकल्पना की गई है। विभिन्न सुधारों और पहलों की वजह से भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में मुख्य बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है।

विशेषकर, मछली पकड़ने के बंदरगाहों/लैंडिंग केंद्रों की स्थापना, मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक शिल्प का आधुनिकीकरण व मोटरीकरण, गहरे समुद्र में जाने वाले जहाज, मछली पकड़ने के बाद की सुविधाओं की व्यवस्था, कोल्ड चेन, साफ एवं स्वच्छ मछली बाजार, बर्फ के बक्से वाले दो पहिया वाहन और कई अन्य बातों को बढ़ावा मिला है। मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की गई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को पूरी तत्परता से लागू किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया ने आयात के लिए स्वच्छता परमिट (एसआईपी) प्राप्त करने में लगने वाले समय को 45 दिनों से घटाकर केवल 48 घंटे कर दिया है। स्वीकृत स्रोतों से एसपीएफ श्रिम्प ब्रूडस्टॉक के आयात के लिए एसआईपी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे झींगा पालन से जुड़े सैकड़ों हैचरी को मदद मिली है। सरकार ने झींगा जलीय कृषि के लिए आवश्यक कई सामग्रियों पर लगने वाले आयात शुल्क को भी घटा दिया है, जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिली है। मछुआरे हमारे गौरव हैं। मोदी सरकार 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के आदर्श वाक्य के साथ मछुआरों व महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

मत्स्यपालन के क्षेत्र का विविधीकरण किया जा रहा है। अब, तमिलनाडु की महिलाएं समुद्री शैवाल की खेती कर रही हैं, जबकि लक्षद्वीप की महिलाएं कृत्रिम मत्स्यपालन को विकसित कर रही हैं। हमारे असमिया मछुआरे ब्रह्मपुत्र में रिवर रैंचिंग को विकसित कर सकते हैं। उधर, आंध्र प्रदेश के उद्यमी जलीय कृषि में ठोस परिणाम देते हुए प्रति बूंद पर अधिक उत्पादन हासिल करते हैं। कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी ठंडे पानी की ट्राउट इकाइयां स्थापित कर रही हैं। हरियाणा की लवणयुक्त भूमि का उपयोग मत्स्यपालन के लिए किया जा रहा है। इस प्रकार, बंजर भूमि को धन देने वाली भूमि में परिवर्तित किया जा रहा है। नए स्टार्ट-अप मत्स्यपालन के क्षेत्र में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, वित्त और उद्यमशीलता की भावना को आकर्षित कर रहे हैं और इस प्रकार एक मूक सामाजिक क्रांति भी ला रहे हैं। वर्तमान में भारतीय मत्स्यपालन का एक गौरवशाली उप-अध्याय जलीय कृषि के रूप में लिखा जा रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर झींगा के उत्पादन एवं निर्यात में अग्रणी बना रहा है।

भारत जलीय कृषि का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक, मछली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और मछली एवं मछली से तैयार उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर ब्रांड इंडिया को स्थानीय स्तर से वैश्विक स्तर तक ले जा रहा है। बाधाओं को दूर करके, प्रौद्योगिकी का समावेश करके, कल्याण की प्रक्रिया को फिर से वास्तविक लाभार्थियों की ओर मोड़कर, उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित कर और महिलाओं को सशक्त बनाकर भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र उन बेड़ियों से मुक्त हो गया है जो इसे आजादी के बाद से छह दशकों से अधिक समय तक जकड़े हुए थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार के आठ साल ने भारतीय मत्स्यपालन की एक मजबूत नींव रखी है।

**डॉ. एल. मुरुगन**
(केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री)

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौशाला एवं अस्पताल में सेवा कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौशाला एवं अस्पताल में सेवा कर मनाया। कार्यकर्ताओं ने श्रीकृष्ण गौशाला हरसोरा, गिरधर गौशाला बानसूर,धामेडा गौशाला नारायणपुर में गौ सेवा कार्य कर जन्मदिन मनाया।साथ ही इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों द्वारा राजकीय चिकित्सालय बानसूर में फल वितरित किए। इस मौके पर सुनिल दीक्षित,राम मित्तल, प्रदीप यादव, ईश्वर यादव, महेश ढाचोलिया, किशनलाल, डॉ दीपक शर्मा, डॉ राजेश यादव, डॉ खुशीराम सैनी, प्रताप सिंह, नगेन्द्र चैनपुरा, भूपेंद्र सिंह, सुरेश ज्ञानपुरिया, ओमपाल सिंह, सत्येंद्र शर्मा,बद्री पटेल सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित होगी डॉ सरोज मीना

मरुधरा विशेष रुपेश शर्मा,

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को ''राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड" *प्रतिवर्ष दिया जाता है।यह अवार्ड महामहिम राष्टपति के द्वारा 24 सितंबर को नई दिल्ली स्थित राष्टपति भवन में दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारत वर्ष में से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कार्यक्रम अधिकारियों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सम्मानित पुरस्कार राजस्थान से डॉ सरोज मीना , कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, बी एस आर राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर को दिया *जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ सरोज मीना सम्पूर्ण भारतवर्ष में से एक मात्र महिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हैं जिन्हें ''राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड"से नवाजा व सम्मानित किया जा रहा है।यह पुरुस्कार इनके राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के क्षेत्र में दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डा. सरोज मीना को वर्ष 2018-2019 में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राज्य स्तरीय स्टेट अवार्ड से भी राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है डाः मीना वर्ष 2020-21 में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर का राजस्थान की तरफ से प्रतिनिधित्व कर चुकी है। डॉ सरोज मीना द्वारा अनेको विभिन्न राष्ट्रीय एकता शिविरों में राजस्थान राज्य की तरफ से प्रतिनिधित्व किया गया है। डॉ सरोज मीना द्वारा कोरोना महामारी के समय विशेष जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ हजारों की संख्या में मास्क बनाकर वितरित किए गए, और कोरोना वैक्सीनेशन के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कच्ची बस्तियों में सेनेटरी नैपकिन के वितरण के साथ-साथ वहां रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा से निपटने के लिए विशेष जागरूक अभियान चलाया गया। इसके अतरिक्त डॉ सरोज मीना के नेतृत्व में जल एवं पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरोज मीना द्वारा रक्तदान जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सरोज मीना द्वारा महाविद्यालय में और महाविद्यालय के बाहर स्वच्छता जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया। डॉ सरोजमीना द्वारा गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता अभियान, सर्व शिक्षा अभियान, के बारे में लोगों को जागरूक किया, साथ ही नुक्कड़ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के बारे में भी संदेश दिया। आपने यातायात के नियमों की जानकारी के लिए सड़क सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए। इन सभी के अतिरिक्त इन्होंने स्वयंसेवकों के साथ अलवर जिले में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,नेत्रदान आदि कार्यक्रम में अतुलनीय योगदान दिया है।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लवलीना व्यास ने बताया कि यह ना केवल महाविद्यालय अपितु अलवर ज़िले के लिए गौरव की बात है।



# जलवायु परिवर्तन से बढ़ती मुश्किलें

**ग्रीनलैंड** और अंटार्कटिक में पिघलती बर्फ अगामी कुछ दशकों में इस धरती पर प्रलय का नजारा दिखा सकती है। पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ और चीन में भंयकर सूखा इसकी एक छोटी झांकी भर है। ग्लोबल वार्मिंग न हो तब भी यह उन इलाकों को डुबो देगी, जहां आज करोड़ों लोगों का बसेरा है। अब सब कुछ इस पर निर्भर है कि इंसान बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए क्या कुछ कर पाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नए अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जाएगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जाएगा।

नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है। इतना पानी दुनिया के कई हिस्सों को डुबोने के लिए काफी होगा। इसका मतलब है कि फिलहाल सागर का जलस्तर बढ़ने का माडल कहीं पीछे छूट जाएगा। गर्मी और न बढ़े, तो भी तबाही आएगी। हैरत में डालने वाले ये नतीजे भी सबसे कम नुकसान वाली स्थिति को बता रहे हैं, क्योंकि इनमें भविष्य की गर्मी के असर का हिसाब नहीं जोड़ा गया है। नेशनल जियोलाजिकल सर्वे आफ डेनमार्क ऐंड ग्रीनलैंड के प्रमुख लेखक जेसान बाक्स के अनुसार ग्रीनलैंड के आसपास की जलवायु का गर्म होना जारी रहेगा। आज दुनिया में जगह-जगह बाढ़, सूखा, जंगल की आग, कटिबंधीय क्षेत्रों में तूफान आदि की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ने का कारण खत्म होते जंगलों और जीवाश्म ईंधन से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडल में बढ़ती मात्रा है।

इसमें कोई शक नहीं कि ग्रीष्म लहर भी ग्लोबल वार्मिंग का एक प्रत्यक्ष प्रभाव है। यूरोप के ठंडे मुल्कों में रिकार्ड गर्मी के बाद, चीन भी अभूतपूर्व गर्मी और सूखे के दौर से गुजर रहा है। इन दिनों भारत और उसके आसपास के देशों में कहीं भंयकर बारिश तो कहीं कम वर्षा से सूखे का भारी संकट है। पाकिस्तान भीषण बाढ़ की चपेट में है। इस साल उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच यूरोप में प्रचंड गर्मी पड़ने की खबरें आईं। चीन इस साल भीषण गर्मी की समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि इस साल चीन में 61 सालों में सबसे भयंकर गर्मी पड़ी है। तेजी से बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। वहां बारिश न होने की वजह से कई इलाकों में भयंकर सूखा पड़ गया है। चीन की लाइफलाइन कहलाने वाली सबसे लंबी यांग्त्जी नदी लगभग सूख चुकी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को लेकर विशेषज्ञों की राय है कि ग्रीष्म लहर वैश्विक ताप का सीधा और स्पष्ट पैमाना बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका में, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में। 3.6 अरब लोग जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं।

रिपोर्ट ने अपनी चेतावनी में यह कहते हुए जोड़ा कि दुनिया अगले दो दशकों में 1.5 डिग्री सेल्सियस की ग्लोबल वार्मिंग के साथ कई अपरिहार्य जलवायु खतरों का सामना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि इस बढ़ते तापमान के कुछ परिणाम अपरिवर्तनीय होंगे। बढ़ी हुई ग्रीष्म लहर, सूखा और बाढ़ पहले से ही पौधों और जानवरों की सहनशीलता की सीमा से अधिक है, जिससे पेड़ों और मूंगा जैसी प्रजातियों में बड़े पैमाने पर मृत्यु दर बढ़ रही है। इससे लाखों लोगों को, विशेष रूप से अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में भोजन और पानी की असुरक्षा रेखांकित हुई है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में आग्रह किया गया है कि 'जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में तेजी से कटौती करनी होगी।' आईपीसीसी के अध्यक्ष होसुंग ली ने कहा है कि 'यह रिपोर्ट निष्क्रियता के परिणामों के बारे में एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन हमारी भलाई और एक स्वस्थ ग्रह के लिए गंभीर और बढ़ता खतरा है। आज हमारे कार्य तय करेंगे कि लोग कैसे रहेंगे और प्रकृति बढ़ते जलवायु जोखिमों के प्रति क्या प्रतिक्रिया करेगी।'

'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सागर के जलस्तर का बढ़ना 78 सेंटीमीटर तक जा सकता है। ऐसे में तटों के आसपास के निचले इलाकों का बड़ा हिस्सा डूब जाएगा, साथ ही बाढ़ और आंधियां बढ़ जाएंगी। बाक्स और उनके साथियों ने इस बार कंप्यूटर माडल के बजाय दो दशक में लिए गए मापों और निगरानी के आंकड़ों का इस्तेमाल कर यह पता लगाने की कोशिश की कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पहले जो गर्मी झेल चुकी है, उसके आधार पर कितना बदलेगी। बर्फ की चादर के ऊपरी हिस्से को हर साल बर्फबारी से भर जाना होता है। हालांकि 1980 के बाद से ही यह इलाका बर्फ की कमी से जूझ रहा है। जितनी बर्फ हर साल गिरती है, उससे कहीं ज्यादा पिघल जा रही है। बाक्स का कहना है कि शोधकर्ताओं ने जिस सिद्धांत का इस्तेमाल किया उसे आल्प्स के ग्लेशियरों में हुए बदलाव की व्याख्या करने के लिए तैयार किया गया था। जाहिर है कि अगर ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ जमा होगी तो निचले हिस्से का विस्तार होगा। ग्रीनलैंड के मामले में कम बर्फ के कारण निचला हिस्सा सिकुड़ रहा है, क्योंकि ग्लेशियर नई परिस्थितियों के हिसाब से संतुलित करते हैं।

आईपीसीसी के एक और विशेषज्ञ गेरहार्ड क्रिनर का कहना है कि जो जानकारी मिली है वह समुद्री जलस्तर के बारे में ज्यादा जटिल माडलों से कुल मिलाकर जानकारी से मेल खाती है। हालांकि वे इस पर सवाल जरूर उठाते हैं कि यह सब कुछ क्या इसी शताब्दी में हो जाएगा। दुनिया औद्योगिक काल के पहले की तुलना में औसत रूप से 1.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। आईपीसीसी ने रिपोर्ट में बढ़ती गर्मी का जलवायु पर पड़ने वाले असर के बारे में कहा है कि अगर गर्मी में इजाफे को दो से ढाई डिग्री तक पर भी सीमित कर लिया जाए तो इसी सदी में 25 मेगासिटी के निचले इलाके इसकी चपेट में आएंगे। इन जगहों पर 2010 तक 1.3 अरब लोग रहते थे।

**निरंकार सिंह**
(वरिष्ठ पत्रकार)



संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर रहा है। चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिकों, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में।

## ट्विटर



एलिजाबेथ द्वितीय को हमारे समय की एक दिग्गज शासक के रूप में याद किया जाएगा। दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और ब्रिटेन के लोगों के साथ हैं।

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**




ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय एक सम्राट से कहीं अधिक थीं। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया। महारानी ने 70 साल तक ब्रिटेन को स्थिरता दी।

**जो बाइडेन, अमेरिका के राष्ट्रपति**

सत्यार्थ

# घमंड का त्याग जरूरी



प्रजापति दक्ष और शिव जी से जुड़ी घटना है। दक्ष देवताओं के बड़े नेता थे। सभी उनका मान-सम्मान करते थे। एक दिन एक यज्ञ में बड़े-बड़े ऋषि-मुनि और देवता शामिल हुए। यज्ञ सभा में सभी बैठे हुए थे। उस समय दक्ष प्रजापति ने यज्ञ सभा में प्रवेश किया। उनका गरिमामय व्यक्तित्व था। दक्ष के सम्मान में सभी लोग अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। अपना मान-सम्मान देखकर दक्ष का अहंकार जाग गया। दक्ष ने सभा में ये नहीं देखा कि उसके सम्मान में कौन-कौन खड़ा हुआ है, उसने ये देखा कि कौन खड़ा नहीं हुआ है। उस समय शिव जी बैठे हुए थे और आंखें बंद करके ध्यान लगा रहे थे। शिव जी को बैठा हुआ देखकर दक्ष ने सोचा कि ये मेरे दामाद हैं, मेरे पुत्र की तरह हैं, ये मेरे सम्मान में खड़े नहीं हुए। मैंने ब्रह्मा जी के कहने पर मेरी पुत्री का विवाह इस व्यक्ति से कर दिया, जिसका अमंगल रूप है। इतना सोचने के बाद दक्ष ने गुस्से में शिव जी को भला-बुरा कह दिया। शिव जी तो दक्ष की बातें सुनकर चुप बैठ हुए थे, लेकिन नंदीश्वर ने शिव जी का अपमान होता देखकर दक्ष को शाप दे दिया। नंदीश्वर को गुस्से में देखकर भृगु ऋषि ने नंदी को शाप दे दिया। इसके बाद पूरी यज्ञ सभा में सभी ने एक-दूसरे को शाप दे दिए। शुभ कार्यक्रम पूरी तरह से बिगड़ गया। इसके बाद शिव जी अपने गणों को लेकर वहां से चले गए। अहंकार किसी भी अच्छे खासे चलते हुए शुभ काम को बिगाड़ देता है। शिव जी ने तो अपने गुस्से पर काबू कर दिया था, लेकिन दक्ष ने गुस्से पर काबू नहीं किया। पद, प्रतिष्ठा और मान-सम्मान की वजह से अधिकतर लोग अहंकारी हो जाते हैं। अहंकारी को शब्दों का ध्यान नहीं रहता है और गलत बोली की वजह से सारे काम और रिश्ते बिगड़ जाते हैं।

**मुकेश कुमार**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत के अलग पहचान बनाईः बबलू भाई मईडा



**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**


पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर में कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यथार्थवादी होने के साथ आदर्शवादी भी है उनमें आशावाद कूटकूट कर भरा हुआ है उनका कहना है कि असफलता नहीं बल्कि उद्देश्य का अनुदत्त होना अपराध है मोदी मानते हैं कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए स्पष्ट दृष्टि उद्देश्य या लक्ष्य का परिज्ञान और कठोर परिश्रम अत्यंत आवश्यक गुण है मोदी अंतर्मुखी होने के साथ सदेव काम करते रहने वाले व्यक्ति के तौर पर जाना जाता है नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सेठिया ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक के रूप में उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत की थी यही उन्हें निस्वार्थ सामाजिक दायित्व को स्पर्श और देशभक्ति के विचारों को आत्मसात करने का अवसर मिला पालिका अध्यक्ष बबलू भाई मईडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी अंतोदय हेतु राष्ट्र आराधना मैं सतत रत विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हे नगर मंडल भाजपा द्वारा आयोजित समारोह में नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में रेफरल चिकित्सालय में मरीजों को भोजन वितरण समारोह आयोजित किया गया नगर मंडल भाजपा के नेता हेमेंद्र पंड्या भाजपा नगर उपाध्यक्ष कल सिंह डामोर सौरभ गादिया हितेश पडियार महेंद्र प्रताप झाला नगर के महामंत्री रामकिशन मकवाना दिलीप टेलर पार्षद महावीर कोठारी भूपेंद्र टेलर पार्षद राहुल सोनी युवा मोर्चा अध्यक्ष रिंकू पंड्या राहुल पंड्या पार्षद जितेंद्र हारी संजय चौहान जगदीश चौहान फारुख कुरेशी ललित प्रजापत ललित राठौड़ कैलाश लक्ष्य कार मयंक टेलर मुकेश कलावा अंकित चौक लिया मुस्तफा बोहरा महिला मोर्चा की अध्यक्ष नम्रता चोरड़िया निर्मला बाघ अपने विचार व्यक्त किए।

## ग्राम सेवा सहकारी समिति धोलागढ़ व मसारी में संचालक मंडल सदस्य के लिए हुआ मतदान

**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर ।** उपखंड मुख्यालय के ग्राम सेवा सहकारी समिति धौलागढ़ में शनिवार को 3 वार्डो में मतदान संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि धौलागढ़ धौलागढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल के सदस्य पद के लिए तीन वार्डो में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमें वार्ड नंबर 2 में 18 में से 17 वोट पड़े,वार्ड नंबर 3 में 18 में से 17 वोट पड़े, वार्ड नंबर 5 में 18 में से 18 वोट पड़े। वहीं उन्होंने बताया कि रविवार को मतगणना प्रातः 10:00 होगी। इस मौके पर समिति के व्यवस्थापक योगेश सैनी ने मौजूद रहे।इधर मसारी ग्राम सेवा सहकारी समिति में शनिवार को एक वार्ड में मतदान हुआ। जिसमें वार्ड नंबर 3 में कुल 25 में से 23 वोट पड़े जानकारी निर्वाचन अधिकारी मनोज सोनी, व्यवस्थापक शिवगणेश ने दी और मतदान शांतिपूर्ण हुआ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मुंडावर विधायक मनजीत चौधरी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**मरुधर विशेष युवराज शर्मा**

आज मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी जी ने नीमराना के सचखंड हॉस्पिटल में, देश के लोकप्रिय यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष मैं सेवा पखवाड़ा के तहत नीमराना युवा मोर्चा मंडल द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन का सुभारंभ किया, जिसमे युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विधायक जी ने युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा की, आज देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर पूरे प्रदेश व देश में भारी तादाद में रक्तदान होना ये बताता है की प्रधानमत्री जी कितने लोकप्रिय है, देश की जनता कितना प्यार करती है सेवा पखवाड़ा पूरे देश में मनाया जा रहा है, एवं साथ ही मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आज भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष पर हवन भी किया गया।
व आज ही विधायक जी की धर्मप%ी व पूर्व जिला पार्षद मनीषा चौधरी जी ने मुंडावर के राजकीय हॉस्पिटल में मुंडावर युवा मोर्चा द्वारा रखे गए रक्तदान शिविर के आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान साथ में बीजेपी के ऊर्जावान कार्यकर्ता साथ में रहे।

## बानसूर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

**बानसूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर कस्बा स्थित मीरा मैरिज गार्डन में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 257 यूनिट रक्त दान हुआ । इस अवसर पर रक्तदाताओं को हेलमेट व प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर भाजपा के किसान मोर्चा, महिला मोर्चा,



ओबीसी मोर्चा, एसटी मोर्चा, युवा मोर्चा की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर यानी महात्मा गांधी के जन्मदिन तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राष्टीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य , राजस्थान युवा मोर्चा के अध्यक्ष हिमांशु शर्मा और अभय बिधूड़ी के नेतृत्व में बहरोड़, तिजारा, बानसूर ,कोटकासिम, मुंडावर पांचों विधानसभा क्षेत्रों में अलवर युवा मोर्चा उत्तर की ओर से सात रक्तदान कैंपों का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले कैंप का शुभारंभ बानसूर से किया । रक्तदान शिविर में सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

### 850 लाभार्थियों ने नेत्र शिविर में उठाया लाभ



**बानसूर** उपखंड के कस्बा हरसोरा के एम जे फूले स्कूल में भाजपा प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिन पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण आंखों का चेकअप करवाने के लिए पहुंचे। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी दिए गए। शिविर के दौरान 850 ओपीडी देखी गई ।जिसमें 165 लोगों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया जिनको बहरोड़ के मिश्री देवी आई अस्पताल में लेंस प्रत्यारोपण के लिए बस द्वारा निशुल्क लाने वाले जाने की व्यवस्था की गई है। वहीं 120 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्में दिए गए । शिविर में मिश्री देवी आई अस्पताल बहरोड के प्रसिद्ध डॉक्टर वीरेंद्र यादव ने सेवाएं दी। इस मौके पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों को आंखों का चेकअप और परामर्श निःशुल्क किया । महेंद्र यादव ने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।प्रधानमंत्री ने देश की आन बान और शान को जिस तरह शिखर तक पहुंचाया है ।ऐसे देश सेवक और प्रधान सेवक की दीर्घायु की कामना हम सब को करनी चाहिए। और उनके जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा । भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का 72 वां जन्मदिन पूरे राष्ट्र में सेवा सप्ताह के रूप में आंखों के चिकित्सा शिविर ,विकलांग और रक्तदान शिविर का आयोजन कर मनाया जा रहा है। जबकि अन्य राजनीतिक पार्टियां अपना जन्मदिन होटलों के अंदर केक काटकर मनाती । इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, अलवर दक्षिण जिला अध्यक्ष संजय नरुका , जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव, डॉ शशिकांत बोहरा, बानसूर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, हरसोरा मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद, मनोज यादव पार्षद, आरसी यादव , प्रदीप यादव पंचायत समिति सदस्य, बीरेंद्र यादव सरपंच, राजेन्द्र यादव, राम मित्तल पंचायत समिति सदस्य, बजरंग गोयल, रामप्रताप गुर्जर, सतपाल सैनी,मुकेश जांगिड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन रोहिताश गुर्जर गुरुजी के द्वारा किया गया।

## एबीवीपी ने कॉलेज गेट पर जड़ा ताला व जमकर की नारेबाज़ी ,पुलिस के साथ हुई झड़प, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूज़ा धरने पर पहुँचे

**मरुधर विशेष युवराज शर्मा**



आज एबीवीपी के अनिश्चितकालीन धरने के छठे दिन कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के गेट को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया । प्रांत मंत्री शौर्य जैमन ने बताया कि पिछले छः दिन से कार्यकर्ता धरने पर दिन रात बैठे है लेकिन कोई हमारी बाते सुनने के लिए तैयार नही था कार्यकर्ताओं को डराया जा रहा है धमकाया जा रहा है हम डरने वाले नही है इसलिए मजबूरन विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को गेट बंद करना पड़ा ।पुलिस प्रशासन ने गेट खोलने के लिए दबाब बनाया इसमें पुलिस और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हो गई जैसे ही पुलिस और कार्यकर्ताओं की झड़प हुई झड़प का पता लगते ही तुरंत बाद ABVP के पूर्व कार्यकर्ता व पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा धरने स्थल पर पहुँचे तथा पुलिस का आगाह किया यदि कार्यकर्ताओं के साथ गलत बर्ताव किया गया तो अच्छा नही होगा , कार्यकर्ता धरना स्थल पर अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए अड़े रहे जिला संयोजक सुदीप डीगवाल ने कहा कि हम पुलिस प्रशासन से डरने वाले नही है ABVP के कार्यकर्ताओं कि 21 सूत्रीय माँगो को लेकर धरना दे रहे हैं लेकिन प्राचार्य उनकी सुनने को तैयार नहीं हैं वे एक बार भी धरनास्थल पर नहीं आए यहाँ आने का उनके पास समय नहीं है जबकि वे पूर्व मंत्री के पास नए छात्र नेताओं को लेकर घूम रहे हैं इधर कॉलेज के स्टूडेंट्स की माँगो पर क़तई ध्यान नहीं है यहाँ पुलिस पीने को शुद्ध पानी तक नहीं हैं सफ़ाई भी नहीं होती है लाइब्रेरी भी चालू नहीं है इस तरह माँगे हैं जिनमें से 90% माँगो को प्राचार्या अपने स्तर पर पूरा कर सकते हैं लेकिन वे जानबूझकर ध्यान नहीं दे रहे हैं
ABVP इकाई अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि हृष्टष्ट शुरू करना पुराना मुद्दा है पानी आयी गार्ड रूम पुलिस चौकी पुस्तकालय सहित 21 सूत्री माँग है कई बार प्राचार्य को अवगत करा दिया गया है गर्मियों के दिनों में आँधी में टूटे पेड़ अब तक पढ़े हैं एग्ज़ाम देने आने वाले बच्चों के मोबाइल में भी एक इंतज़ाम नहीं है बाहरी युवक के आने पर रोक नहीं लगी है परीक्षा समयसारणी की सूचना कई दिन पहले मिलनी चाहिए,इसके बाद कॉलेज प्रशासन व प्राचार्य धरना स्थल पर पहुँचे विद्यार्थी परिषद की जो मांग पत्र में मांगे थी उन पर लिखित में 15 दिन के समय में माँग पूरी करने का आश्वासन देकर दिया , विद्यार्थी परिषद ने साथ की साथ ये भी माँग रखी कि NCC व मर्सी चान्स के लिए प्राचार्य हमारे साथ विश्वविधालय के कुलपति व किसी भी केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि से बात करे तथा जो कॉमर्स कॉलेज का नया भवन बना है उस भवन में जल्द से जल्द विद्यार्थियों को शिफ्ट किया जाये।

## राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित होगी डॉ सरोज मीना

**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को ''राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड" *प्रतिवर्ष दिया जाता है।यह अवार्ड महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा 24 सितंबर को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारत वर्ष में से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कार्यक्रम अधिकारियों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सम्मानित पुरस्कार राजस्थान से डॉ सरोज मीना , कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, बी एस आर राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर को दिया *जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ सरोज मीना सम्पूर्ण भारतवर्ष में से एक मात्र महिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हैं जिन्हें ''राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड"से नवाजा व सम्मानित किया जा रहा है।यह पुरुस्कार इनके राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के क्षेत्र में दिया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि डॉ. सरोज मीना को वर्ष 2018-2019 में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राज्य स्तरीय स्टेट अवार्ड से भी राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है डा. मीना वर्ष 2020-21 में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर का राजस्थान की तरफ से प्रतिनिधित्व कर चुकी है। डॉ सरोज मीना द्वारा अनेको विभिन्न राष्ट्रीय एकता शिविरों में राजस्थान राज्य की तरफ से प्रतिनिधित्व किया गया है। डॉ सरोज मीना द्वारा कोरोना महामारी के समय विशेष जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ हजारों की संख्या में मास्क बनाकर वितरित किए गए, और कोरोना वैक्सीनेशन के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कच्ची बस्तियों में सेनेटरी नैपकिन के वितरण के साथ-साथ वहां रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा से निपटने के लिए विशेष जागरूक अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त डॉ सरोज मीना के नेतृत्व में जल एवं पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरोज मीना द्वारा रक्तदान जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सरोज मीना द्वारा महाविद्यालय में और महाविद्यालय के बाहर स्वच्छता जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया। डॉ सरोजमीना द्वारा गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता अभियान, सर्व शिक्षा अभियान, के बारे में लोगों को जागरूक किया, साथ ही नुक्कड़ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के बारे में भी संदेश दिया। आपने यातायात के नियमों की जानकारी के लिए सड़क सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए। इन सभी के अतिरिक्त इन्होंने स्वयंसेवकों के साथ अलवर जिले में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,नेत्रदान आदि कार्यक्रम में अतुलनीय योगदान दिया है।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लवलीना व्यास ने बताया कि यह ना केवल महाविद्यालय अपितु अलवर ज़िले के लिए गौरव की बात है।

## कठूमर मंडल पर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**



**कठूमर।** उपखंड मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाडा के रूप में शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा मंडल कठूमर के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बन्टू चौधरी ने बताया कि मोदी के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 51 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील बाजाज ने की और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंडी चेयरमैन सतीश चौधरी रहे।
इस मौके पर किसान नेता हरिसिंह वकील,पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजेंद्र चौधरी, रामजीलाल चौधरी,कठूमर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दिगंबर सिंह ,दीपचंद नेता, उदयसिंह, विधानसभा विस्तारक वीरेंद्र चौधरी, ओमी पहलवान रेला,खोह मंडल अध्यक्ष भीम गुर्जर,भाजपा नेत्री मुन्नी देवी,गिरिराज शरण नरूका,पूर्व सरपंच रघुवीर सैनी,पूर्व प्रत्याशी बाबूलाल मैनेजर, विजयपाल चौधरी,महेंद्र चौधरी,राजेश जाटव,युवा मोर्चा से पंकज कटारा,देवेंद्र चौधरी,भनोखर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निहाल चौधरी,योगेंद्र खेडामैदा, टिंकल खंडेलवाल,तेजसिंह बघेल,नरेंद्र चौधरी,भाजपाकिसान मोर्चा के जिला मंत्री सतीश पाराशर,विनोद मसारी,भोला रेटा,नरेंद्र दुधेरी,भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सचिन फौजदार,चरणसिंह राजपूत,जयप्रकाश हनीपुर,राहुल इसरोता,शनी जाट,सतीश भाटी,रामजीत खेड़ामेदा,हरवान बघेल,नरपत यादव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।
इधर सेवा सप्ताह कार्यक्रम संयोजक रणवीर चौधरी ने बताया कि ब्लड डोनेशन कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा मंडल कठूमर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें 26 यूनिट रक्तदान हुआ और सेवा सप्ताह पखवाडा कार्यक्रम 2अक्टूबर तक कठूमर मंडल पर चलेंगे।

## भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण जैन के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा का रक्तदान शिविर हुआ आयोजित



**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण जैन के नेतृत्व में ब्रह्मलीन महंत चांद नाथ योगी पंचम स्मृति दिवस व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नगली सर्किल पर गोल्डन लीफ ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष संजय नरुका ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश मंत्री अशोक सैनी ,व विशु बिसोइया अतिथि के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री हेम सिंह भड़ाना,शहर विधायक संजय शर्मा,पूर्व विधयाक बनवारी लाल सिंघल, नगर परिषद सभापति घनश्याम गुर्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनलाल सुलनिया,प्रकाश अडीचवाल ,दिनेश भार्गव,ज़िला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान,राजेंद्र सैनी,रवि यादव, हरीश अरोड़ा, महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष सुनीता सैनी,मंडल अध्यक्ष ममता कंवर डॉ के के शर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष के के मदान, राजेंद्र सेखवात, ज़िला मीडिया प्रभारी जिंतेंद्र गोयल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष गोरधन सिंह,ज़िला मंत्री दीपक शर्मा,जिंतेंद्र राठौड़, डॉ पंकज गुप्ता, ,महामंत्री भाविक जोशी,मोहन चौहान,उपाध्यक्ष चारुल अग्रवाल, पदम् जोशी, सुरेन्द्र यादव,मयंक खंडवेल,लखन जोशी,ललित पंवार, साहिल खत्री,शील यादव,हिमांशु अग्रवाल, अमित कश्मीरी,चतर सिंह गुर्जर, प्रशांत राव , पंकज यादव, राहुल खान,सुमेर चौधरी ,ऋचा शर्मा, विनोद यादव ,हिमांशु पारीक, सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे समस्त अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि धीरे-धीरे लोग रक्तदान महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे जिनको अभी अभी रक्तदान करने से डर लगता हैं, तो हमारा कृतव्य हैं कि हम उन्हें जागरूक करे रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती हैं। रक्तदान के लिए तो एक बड़ा दिल और मुक्त मन की जरूरत होती हैं।युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है लेकिन बीमार के लिए रक्तदान नए जीवन की आशा है। इसलिए उसके जीवन को वापस देने के लिए रक्तदान अवश्य करें।

## लम्पि चर्म रोग से पीड़ित गोवंश के लिए विप्र वाहिनी ने निःशुल्क घर घर बाटी हैम्योपेथी दवाई

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



**बांसवाड़ा।** विप्र वाहिनी के प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास भाई भट्ट ने बताया की गायों में फेले लम्पि चर्म रोग (वायरस ) से पीड़ित गोवंश हेतु विप्र फाउंडेशन सूरत द्वारा निःशुल्क रोग रोधी हैम्योपेथी दवाई उपलब्ध करवाई जा रहि हे जिसके अंतर्गत आज बागीदौरा तहसील के गाँवो में घर घर जा कर दवाइया निःशुल्क बाटी गई और गोपालकों व किसानो को घरेलू आयुर्वेदिक उपचार व लम्पि रोग से सुरक्षा के लिए सुरक्षित रख रखाव के बारे में जानकारी दी गई साथ हि डॉ. विकास भाई भट्ट ने बताया की बांसवाड़ा जिला व आस पास के क्षेत्र में अब तक लगभग 5 हजार गोवंश के उपचार की निःशुल्क दवाइया वितरित की जा चुकी हे दवाई कारगर साबित हो रही हे जिसके कारण राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग झुंझनू व राजस्थान के अन्य जिलों ने हैम्योपथी दवाई की मांग की हे पिछले 15 दिनों से निःशुल्क दवाई वितरण का कार्य जोरों से चल रहा हे जिसमे जिला पशुपालन विभाग के डॉक्टर व कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा हे उक्त सेवा कार्य हेतु घाटा के गाँवो व कुशलगढ़ क्षेत्र के लिए विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संघठन मंत्री हेमेंद्र पंड्या व बांसवाड़ा जिले के लिए विप्र वाहिनी के प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास भाई भट्ट को नियुक्त किया गया हे साथ हि प्रदेश जोन,1 में भी जहा जहा आवश्यकता हो वहा पर दवाई पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई हे दवाई पाने के लिए मोबाईल नंबर जारी किये गये हे जिनसे सम्पर्क कर दवाई निःशुल्क प्राप्त की जा सकती हे 9828323580, 90016 97230 इस अवसर पर घर घर दवाई वितरण में करजी गाँव के ललित पाटीदार , पशुपालन विभाग के डा. मानवेन्द्र सिंह, सरपंच प्रकाश डाबी करजी, गोकुल भाई पाटीदार बागीदौरा , विप्र वाहिनी की जिला उपाध्यक्ष वीणा जोशी सुवाला व विप्र वाहिनी की जिला महामंत्री दिव्या पंड्या का विशेष सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर चार अल्ट्रासाउंड सेंटर के विरुद्ध केस होगा दर्ज, पंजीकरण भी होगा रद्द

**गोरखपुर मंडल ब्यूरो संजय विश्वकर्मा की रिपोर्ट।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद में संचालित चार अल्ट्रासाउंड सेंटर के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दाखिल करने का निर्देश दिया है। इन चारों अल्ट्रासाउंड सेंटर पर निरीक्षण के दौरान बिना किसी योग्य डॉक्टर एवं स्टाफ की उपास्थिति के अल्ट्रासाउंड मशीन एक्टिव मिली थी, जो कि पीसीपीएनडीटी एक्ट-1994 के प्रावधानों का उल्लंघन हैं। इन केंद्रों पर भ्रूण का लिंग जांच होने का अंदेशा है। जिलाधिकारी ने इन सभी केंद्रों का पंजीकरण भी रद्द करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जुलाई माह में विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर सघन जांच अभियान चलाया गया था, जिसमें सिविल लाइन स्थित सौरभ डायग्नोस्टिक सेंटर, न्यू कॉलोनी स्थित डॉक्टर्स स्कैन सेंटर, भाटपाररानी का ऋषि डायग्नोस्टिक सेंटर तथा महावीर सेंटर में निरीक्षण के दौरान डॉक्टर की अनुपस्थिति में अल्ट्रासाउंड मशीन एक्टिव मोड में मिले और मौके पर



अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था, जिसे मौके पर ही सील कर दिया गया और उपलब्ध अभिलेखों को जब्त कर लिया गया था। पूर्व में इन केंद्रों पर भ्रूण का लिंग परीक्षण होने की शिकायत भी मिली थी।

सभी चार अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों को इस संबन्ध में नोटिस दी गई, जिसका जवाब भी इनके द्वारा दिया गया, जिसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली पीसीपीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति के समक्ष रखा गया। पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति ने अधिनियम 1994 के धारा 20(2) में निहित प्रावधानों व उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर इन चारों अल्ट्रासाउंड सेंटरों का पंजीकरण रद्द करते हुए इनके विरुद्ध परिवाद दाखिल करने की संस्तुति की है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भ्रूण का लिंग परीक्षण पर प्रभावी नियंत्रण लगाना इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य है। इस संबन्ध में माननीय उच्च न्यायालय एवं शासन के स्पष्ट दिशा निर्देश हैं। उन्हीं के अनुपालन के क्रम में जनपद के चार अल्ट्रासाउंड सेंटर का पंजीकरण रद्द करने और उनके विरुद्ध परिवाद दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। भ्रूण का लिंग परीक्षण करने और कराने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।

## कस्बे के शेड के मढ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर दिव्यांग चिकित्सा शिविर किया आयोजित



मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**खेरली।** कस्बे के शेड के मड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर निशुल्क दिव्यांग एवं चिकित्सा परामर्श शिविर नगरपालिका पार्षद दीपक सैनी द्वारा आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन संजय गीजगडिया द्वारा की गई। शिविर में मरीजों को चिकित्सकों द्वारा उपचार करते हुए दवाई,चश्में व विकलांगों के लिए बैशाखी वितरित की गई और ब्लड व आंखों की जांच की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षद मुरारी लाल सैनी, महावीर प्रसाद गौतम, वीरेंद्र नरूका, ओमप्रकाश लालपुरिया, बनवारी लाल जांगिड़, प्रीति रानी, शीलेंद्र चौहान, चंदू मीणा, राहुल जायसवाल, संजय तांबी, विनोद बंजारा, राहुल जायसवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेरली कस्बे के गणेश मार्केट में एक और इंदिरा रसोई का रविवार को होगा शुभारंभ

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**खेरली।** कस्बे के गणेश मार्केट में नगरपालिका द्वारा संचालित एक और इंदिरा रसोई का शुभारंभ 18 सितंबर रविवार को दोपहर करीब 1 बजे किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी किंगपाल सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के आदेश अनुसार एक और इंदिरा रसोई का शुभारंभ होगा जिसका उद्घाटन कठूमर विधायक बाबूलाल बैरवा एवं नगरपालिका चेयरमैन संजय गीजगढ़िया के द्वारा किया जायेगा वही किंगपाल सिंह ने बताया कि नगरपालिका द्वारा करीब 2 साल से एक इंदिरा रसोई उपतहसील कार्यालय में संचालित है जिसमे 8 रुपए की भोजन थाली मिलती है जिसमे गर्म चपाती और सब्जी मिलती है जिसकी वजह से काफी संख्या में लोग भोजन करते है वही एक और इंदिरा रसोई खुल जाने से लोगो में खुशी की लहर है।

## खेरली कस्बे के अग्रवाल भवन में हरियालो राजस्थान के तहत किया पौध रोपण



मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**खेरली ।** कस्बे के कठूमर रोड स्थित अग्रवाल भवन में शनिवार को हरियालो राजस्थान के तहत पौध रोपण कार्यक्रम किया गया जानकारी के अनुसार अग्रवाल समाज खेरली की कार्यकारिणी के ऑडिटर लक्ष्मीकांत मित्तल ने बताया कि हरियालो राजस्थान मिशन के चलते अग्रवाल भवन में अनेक प्रकार के पौधों का रोपण किया गया जिसमे तुलसी, नीम सहित कई प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए है लक्ष्मीकांत मित्तल ने बताया कि पौधे प्रकृति को सुंदर बनाने के साथ साथ वातावरण को भी शुद्ध करते है इस दौरान समाज के अध्यक्ष गोपाल राम बंसल, मंत्री विष्णु कंसल, नरेंद्र गुप्ता, देवांशु गर्ग, पियूष अग्रवाल, अंकित गुप्ता, हेमंत गोयल, जितेंद्र बंसल, भवन मैनेजर नरेश गुप्ता एवं कर्मचारी सोहनलाल सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस किये कार्यक्रम



मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी

**कठूमर ।** उपखंड के भनोखर में भाजपा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया गया भाजपा मंडल द्वारा भनोखर के शक्ति केंद्र पर तुलसी के पौधों का रोपण किया गया गायों को चारा, बंदरों को केले खिलाए गए वही बच्चों को फल वितरित कर दुपट्टा पहनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नरूका, महामंत्री पूरन प्रजापत,महामंत्री नरसी चौधरी ,महामंत्री खेमराज शर्मा, उपाध्यक्ष श्योराम सिंह ,धर्मेंद्र लवानिया,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश सैन, एस सी मोर्चा अध्यक्ष राम खिलाड़ी , बनवारी लाल सैनी उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह संयोजक, विजेंद्र , छगन लाल यादव नांगल वाले, पायलट गुर्जर, मदन प्रजापत, संतराम प्रजापत, हजारीलाल, घम्मन राम प्रजापत सहित महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पिंकी शर्मा, राजंती देवी, उर्मिला एवं सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं सहित सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## छात्र - छात्रा को बाटे प्रमाण पत्र

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** परनोड रिकार्ड इंडिया और यूथ ड्रीमर्स फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही छात्रवृति योजना के तहत आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में छात्र - छात्रा को छात्रवृति के लिए प्रमाण पत्र बांटे गए ।छात्रवृति योजना के तहत गुजरवास गांव के 4 विद्याथियो को 6 - 6 हजार रुपए और 4 विद्यार्थियों को 10 - 10 हजार का आर्थिक सहयोग फाऊंडेशन के द्वारा



किया गया साथ ही बताया गया की संस्था पिछले साल से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रो को मदद करने का काम कर रही ही ताकि शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सके और छात्रो उनके सपनों को पूरा करने में मदद कर सके। संस्था के द्वारा अब तक 30 लाख से ज्यादा का आर्थिक सहयोग विद्यार्थियों को किया गया हैं द्य कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रधान राम सिंह यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त शाला परिवार, छात्रो के माता पिता और गांव वालो के साथ यूथ ड्रीमर्स फाऊंडेशन के मनीष कुमावत, अनिल जांगिड़ और पूजा उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार की और से YDF और परनोड रिकार्ड इंडिया का धन्यवाद किया और आगे भी इस योजना का लाभ छात्रो को देने के लिए कहा।

## मस्तिष्क रीड मूत्र पोस्टेड गुर्दा से संबंधित बीमारियों का परामर्श अनुभवी डॉक्टर और विशेषज्ञ द्वारा 125 लोगों की निशुल्क जांच की गई

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** आज रोटरी क्लब के तत्वाधान में गुजरात के बड़ौदा और राजस्थान के उदयपुर के डॉक्टरो अनुभवी और विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप दूरदर्शन के सामने महालक्ष्मी कॉलोनी में रोटरी क्लब के सहयोग से कैंप लगाया गया जिसमें मस्तिष्क रीड मूत्र पोस्टेड गुर्दा से संबंधित बीमारियों का परामर्श अनुभवी डॉक्टर और विशेषज्ञ द्वारा 125 लोगों की निशुल्क जांच की गई इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र कंसारा और सदस्यों ने सभी डॉक्टरों का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर मनोहर लाल कावड़िया और मुकेश नाहटा का भी अच्छी सेवाएं देने पर उनका भी सम्मान किया गया बड़ौदा से आए विशेषज्ञ डॉक्टर मौलिक पंचाल डॉ राकेश जसन्नी न्यूरो सर्जन डॉ राकेश साह न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर प्रतिक पा रेख उदयपुर के डॉक्टर वरुण लड्ढा सर्जरी न्यूरोलॉजी इन्होंने



आज अपनी रोटरी क्लब के द्वारा लगाया गया कैंप में अपनी सेवाएं दी परामर्श के पहले डॉक्टर के आगमन पर रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया जब से कुशलगढ़ में रोटरी क्लब का गठन हुआ है सबसे रोटरी क्लब ने सराहनीय कार्य किए जिससे लोगों में भी आम चर्चाएं बनी हुई है शिविर में सभी सदस्य उपस्थित थे रोटरी क्लब के प्रतीक मेहता पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गाजिया एडवोकेट राजेंद्र पाठक मुकेश अग्रवाल अर्पण चोपड़ा फखरुद्दीन कपड़िया मुकेश नाहटा पिंकेश चंडालिया राजू प्रजापत सुधीर गाजिया शहीत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया राष्ट्रीय पोषण दिवस

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

कृषि विज्ञान केंद्र गुंता बानसूर द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय पोषण दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रवि कांत शर्मा सह प्राध्यापक, मृदा विज्ञान, कृषि महाविद्यालय भीलवाड़ा रहे । कार्यक्रम के अध्यक्ष केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार शर्मा ने सभी अतिथि गणों का स्वागत अभिनंदन किया एवं मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । डॉ सुशील कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में पोषण की जरूरतों को पूरा




करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चलाए गए पोषण सुरक्षा कार्यक्रम की जानकारी दी । पोषण माह में पोषण के प्रति सभी को जागरूक होने का अनुरोध किया । कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रेमचंद गढ़वाल ने इस कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए कम लागत में संतुलित आहार प्रबंधन के बारे मे जानकारी दी । उन्होंने कहा कि किसी भी मनुष्य के चौमुखी विकास के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना बहुत ही आवश्यक है अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता होती है । संतुलित आहार वह होता है जिसमें विभिन्न प्रकार के विटामिंस , खनिज लवण उपलब्ध हो जो सामान्यतः मनुष्य को फल एवं सब्जियों से प्राप्त होते हैं साथ ही साथ उन्होंने बच्चों के लिए पौस्टिक दलिया कैसे तैयार किया जाए इसके बारे में उपस्थित सभी लोगों को जानकारी थी । केंद्र के पशुपालन विशेषज्ञ डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने दुग्ध के विभिन्न उत्पादों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया उन्होंने कहा कि दुग्ध एक संपूर्ण भोजन माना जाता है क्योंकि उसमें शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लगभग सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्व उपस्थित होते हैं । केंद्र के शस्य विज्ञान विशेषज्ञ बजरंग लाल ओला ने विभिन्न फसलो की बायोफोर्टीफाइड किस्मो के बारे में जानकारी दी । केंद्र के पौध संरक्षण विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील कुमार ने फसलों में लगने वाली बीमारियों को जैव तरीकों से रोकथाम करने के तरीके बताएं ताकि उनसे प्राप्त होने वाला उत्पाद शुद्ध एवं स्वच्छ हो जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है । इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य लोगो ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को विभिन्न प्रकार की सब्जियों के बीज इफको के द्वारा उपलब्ध करवाए गए एवं पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया ।

## हरसोरा के केसीए स्कूल में खेलों का आयोजन हुआ

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के कस्बा हरसोरा के केसीए विद्यालय में खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय में 800 मीटर दौड़,1600 मीटर दौड़,खो-खो, कबड्डी, एवं नींबू चम्मच दौड़ खेलों का आयोजन



हुआ। विद्यालय निदेशक भूप सिंह यादव ने बताया कि 800 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में सागर व महिला वर्ग में अनिशा प्रथम रहे तथा 1600 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में नीशांत व महिला वर्ग में पिंकी प्रथम रहे।खो -खो महिला वर्ग में कक्षा 11 विज्ञान एवं पुरुष वर्ग में कक्षा 6 विजेता रहे। कबड्डी मैच के पुरुष वर्ग में कक्षा 9 एवं महिला वर्ग में कक्षा 11 विजेता रही। नींबू चम्मच दौड़ के बालिका वर्ग में कंचन, शिक्षा व पायल प्रथम रही एवं पुरुष वर्ग में अरविन्द, उमंग व तरुण प्रथम रहे। भूपसिंह यादव ने कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरुरी है। इस अवसर पर बलराम गुर्जर शारिरिक शिक्षक, संदीप यादव, रिंकेश चौधरी, मनोज यादव, मानसिंह यादव, दीपक यादव, मोनिका, रश्मि, पूजा स्टाफ सहित स्कूल विद्यार्थी मौजूद रहे।

## राजेंद्र व्यास को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य बनाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर पहली बार प्रदेश में मिला है प्रतिनिधित्व



मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

मालाखेड़ा निवासी राजेंद्र व्यास को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मेंबर नियुक्त किया गया। इसको लेकर मालाखेड़ा क्षेत्र में खुशी की लहर है जहां दिव्यांगजन संस्थान के नेतृत्व में शनिवार को उनका स्वागत सत्कार भी किया गया अभी वह राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के प्रभारी व जिला कांग्रेस कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं मालाखेड़ा से सरपंच भी रह चुके हैं घर पर बधाई देने वालों का लग रहा ताता राजेंद्र व्यास ने शीर्ष नेतृत्व भंवर जितेंद्र सिंह व मंत्री टीकाराम जूली का आभार जताते हुए पार्टी को और मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिला कर जोड़े रखने की बात कही है इस मौके पर कम्मी राम चौधरी, दिव्यांग जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी, कोऑपरेटिव सोसायटी जमालपुर के पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह, नेशनल कोऑर्डिनेटर सिद्धार्थ व्यास, सुरेश चौधरी, सुरेश गुप्ता, अजीत सोलंकी, प्रकाश शर्मा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## विधायक ने किया सर्व जल केंद्र का उद्घाटन

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** विधायक बलजीत यादव ने बहरोड़ विधानसभा के ग्राम जागुवास में सर्व जल केन्द्र का उद्घाटन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच अनु संदीप चौधरी ने की वहीं विधायक यादव ने विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने की बात कही सरपंच अनु संदीप चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया वहीं विधायक से विकास कार्यों की बात कही कार्यक्रम में नगर पालिका



उप चेयरमैन विक्रम यादव, सरपंच प्रतिनिधि संदीप चौधरी,सत्येंद्र गुरुजी, राजेंद्र चौधरी, विकास जाट, वीरेंद्र यादव, नीरज यादव, चौधरी शेर सिंह हवलदार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता में आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाह का प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर मालाखेड़ा में मुख्य अतिथि प्रधान वीरवती विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी अनुराग हरित अति विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा विकास अधिकारी कजोड़ मल मीणा की मौजूदगी ने किया ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति



रुचि जागृत करने तथा भाईचारे की मिसाल बनाए रखने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आर्थिक व्यवस्था की जरूरत थी। जहां ग्राम पंचायत मालाखेड़ा की 33 ग्राम पंचायत के सरपंच तथा मालाखेड़ा प्रधान वीरवती ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया सभी अतिथियों को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया गया प्रभारी अधिकारी अनुराग हरित ने बताया सरकार की मंशा के अनुसार खेल प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत तथा पंचायत समिति स्तर पर किया गया जहा भामाशाह ने आगे आकर सहयोग किया

## केक काटकर व पौधारोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां-भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल व पूर्व विधायक समसुल हसन के नेतृत्व में कोसी रोड स्थित होटल सिंघल मेंशन में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष निहाल मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की सभी कार्यकर्ताओं द्वारा होटल होट सिंघल मेंशन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया इस मौके पर अवसर पर पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल, पूर्व विधायक समसुल हसन, सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित हरप्रसाद शर्मा,पूर्व पार्षद मनोज सिंघल,भाजपा नेता टेकचंद शर्मा,पूर्व पार्षद मनोज सिंघल,भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि अली हुसैन, ग्राम पंचायत गढाजान के सरपंच प्रतिनिधि तौफीक खान, पहाड़ी के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह दायमा,अरूण पाराशर,हुकम सतवास,रवि तिवारी,मुकेश भाटी,आदिल खॉन सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तिजारा सैनी समाज के युवाओं पर लगे आरोप को वापस लेने के लिए प्रदर्शन किया गया



मरुधर विशेष राकेश सैनी

**तिजारा** 17 सितम्बर को सैनी माध्यमिक स्कूल मे तिजारा सैनी समाज अध्यक्ष कृष्ण सैनी की अध्यक्षता मे 15 सितम्बर को जयपुर विद्याधर स्टेडियम मे सैनी समाज के द्वारा समाज हित की मांगो को लेकर कर रहे शांति पूर्ण आंदोलनकर्ताओ पर हुए बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज के संदर्भ मे आपातकालीन मीटिंग का आयोजित की गयी जिसमे राज्य सरकार के द्वारा सैनी समाज के लगभग 100 युवाओं को गिरफ्तार किया गया है और उन पर केस भी दर्ज किया गया है जिसकी तिजारा सैनी समाज पुरजोर तरीके से कड़े शब्दों मे निंदा करता है और सरकार के द्वारा अगर समय पर उनको रिहा नहीं किया गया और लगाए गए केस वापस नहीं लिए गए तिजारा सैनी समाज ब्लॉक स्तर पर उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगा! इस सन्दर्भ मे अगली बैठक अतिशीघ्र आयोजित की जाएगी! इस मौके पर एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी, इंजिनियर तेजपाल सैनी प्रदेश महा सचिव ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज राजस्थान, सुभाष सैनी प्रधानाध्यापक सैनी माध्यमिक स्कूल, रामेश्वर सैनी पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पालिका तिजारा, सोहनलाल सैनी, हनुमान सैनी, खिलूराम, रामु सैनी, पदम, सुभाष , एडवोकेट उमेश सैनी, अविनाश सैनी, बाबूलाल सैनी, फूल सिंह सैनी सहित सैकड़ो समाज बंधु उपस्थिति रहे!

## तिजारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ



मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के आदेश अनुसार युवा मोर्चा अलवर उत्तर ने जिला अध्यक्ष अभय बिधूड़ी के नेतृत्व में पांचों विधानसभाओं में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बानसूर विधानसभा में बानसूर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भिवाड़ी रक्तदान शिविर में 224 यूनिट रक्तदान हुआ रक्तदान शिविर के लिए पांचों विधानसभाओं में विधानसभा प्रभारी लगाए गए थे राष्ट्रीय युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य विशु बसोया का सभी विधानसभाओं में रक्तदान शिविर आयोजन में प्रवास रहा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता वे युवाओं में रक्तदान शिविर के लिए उत्साह देखा गया सभी शिविरों में युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया युवा मोर्चा नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रहा है इसी के निहित अन्य कार्यक्रम भी होते रहेंगे इस दौरान कार्यक्रम में महामंत्री नगेंद्र शेखावत , राहुल सैनी ,निहाल सिंह ,उपाध्यक्ष सुनील सिराधना , दिनेश यादव ,प्रदीप यादव ,संदीप यादव ,मंडल अध्यक्ष मुकेश धबास , संजय जाट , निरंजन सेन ,राकेश यादव , संदीप मेघवाल ,जया सैनी , नरेंद्र , प्रिंस प्रजापत ,सुरेंद्र ,विक्रम , रामवीर , सतपाल ,सचिन सैनी ,सतवीर सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## हस्तिनापुर में होने वाले चुनाव के लिये कठूमर खेडली के करीब तीन सौ मतदाताओ का दल हुआ रवाना

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा केंद्रीय कार्यकारणी के 18 सितंबर रविवार को हस्तिनापुर में होने वाले चुनाव के लिये कठूमर खेडली के करीब तीन सौ मतदाताओ का दल शनिवार को रवाना हो गया। खेड़ली शेताम्बर पल्लीवाल समाज के अध्यक्ष योगेश भाई लाला ने बताया अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के चुनाव हस्तिनापुर में 18




सितंबर रविवार को सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगे। जिसके लिये कठूमर खेड़ली पल्लीवाल समाज के करीब तीन सौ मतदाता शनिवार को छः बसो मे रवाना हो गये। इस मौके पर खेड़ली से योगेश जैन, मुकेश गुडडू, रिखबचंद जैन, अनिल कुमार जैन, सुधीर जैन, सुनील मामा,पवन चौधरी पर बस प्रभारी रहे। वही समाज के अशोक जैन ने बताया हस्तिनापुर उत्तर प्रदेश में रविवार 18 सितम्बर को अध्यक्ष, महामंत्री, अर्थमंत्री के अलाबा प्रत्येक प्रदेश से तीन महिला सदस्य और प्रत्येक जिले से तीन सदस्य चुने जाने है। जिनके लिये प्रत्येक मतदाता नौ मत डालेगा।